# प्रथम सूचना रिपोर्ट

*(अन्तर्गत धारा 154 दण्ड प्रक्रिया संहिता)*

1. जिला– जयपुर, थाना– प्रधान आरक्षी केंद्र, भ्र0 नि0 ब्यूरो जयपुर, वर्ष–2023 प्र0सू0रि0 सं. ......43/2023........ दिनांक......18/2/2023

2. (I) **अधिनियमः–** धारा 7, 7ए भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम 2018

   (II) अधिनियम ................ धारायें .............

   (III) अधिनियम ................ धारायें ..................

   (IV) अन्य अधिनियम एवं धारायें भा0दं0सं0....120बी भा0दं0सं0..........

(अ) रोजनामचा आम रपट संख्या ............ समय .....................

(ब) अपराध घटने का दिन– शुक्रवार, दिनांक 17.02.2023 समय 04.10 पीएम (स) थाना पर सूचना प्राप्त होने की दिनांक ....10.02.2023........

4. सूचना की किस्म :– लिखित /मौखिक– लिखित

5. **घटनास्थलः–** हायर सेकण्डरी चोराहा के पास, टोंक

(अ) पुलिस थाना से दिशा व दूरीः–बजानिब दक्षिण, करीब 100 कि0मी0

(ब) बीट संख्या.........................जयरामदेही सं.................

(स) यदि इस पुलिस थाना से बाहरी सीमा का है तो पुलिस थाना ..........................................जिला ......

6. (i)परिवादी /सूचनाकर्ता :–

   (अ) नाम–श्री आबिद नूर खां

   (ब) पिता/पति का नाम– श्री नन्ने खान

   (स) जन्म तिथी– उम्र 42 साल

   (द) राष्ट्रीयता – भारतीय

   (य) पासपोर्ट संख्या ....................जारी होने की तिथि

   जारी होने की जगह ..........................................

   (र) व्यवसाय– प्राईवेट नौकरी

   (ल) पता– ग्राम राजनगर सांखना, पुलिस थाना मेहन्दवास, जिला टोंक

7. ज्ञात/अज्ञात संदिग्ध अभियुक्तों का ब्यौरा सम्पूर्ण विशिष्टयों सहितः–

1. श्रीमती अनिता खीचड़ पत्नि श्री देवेन्द्र सिंह पूनिया जाति जाट उम्र 40 साल, निवासी मोहता धर्मशाला के पीछे, राजगढ पुलिस थाना राजगढ जिला चुरू हाल आयुक्त नगर परिषद जिला टोंक
2. श्री मोहम्मद सलीम पुत्र श्री मौहम्मद ईशाक जाति मुसलमान बिस्ती उम्र 59 साल निवासी मकान नं0 21 सिविल लाईन नई कोलोनी, गड्डा पहाड़िया पुलिस थाना कोतवाली जिला टोंक हाल कनिष्ठ लिपिक नगर परिषद जिला टोंक
3. श्री ओमदेव पुत्र श्री मदनलाल नागर जाति धाकड़ उम्र 37 साल निवासी ग्राम विजयनगर पोस्ट रानीपुरा तहसील नगर फोर्ट जिला टोंक हाल सफाई कर्मचारी, नगर परिषद टोंक

8. परिवादी / सूचनाकर्ता द्वारा इतला देने में विलम्ब का कारण :–.....

9. चुराई हुई / लिप्त सम्पत्ति की विशिष्टियां (यदि अपेक्षित हो तो अतिरिक्त पन्ना लगायें)...........................................

10. चुराई हुई/ लिप्त सम्पत्ति का कुल मुल्य– कुल 1,00,000/–रू0.....

11. पंचनामा/ यू.डी. केस संख्या (अगर हो तो) .......................

Suresh

**12. विषय वस्तु प्रथम इत्तिला रिपोर्ट (अगर अपेक्षित ....हो तो अतिरिक्त पन्ना लगायें):-**

प्रकरण के हालात इस प्रकार से निवेदन है कि 10.02.2023 को श्री हिमांशु, अति. पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जयपुर नगर-तृतीय, जयपुन ने मन् उप अधीक्षक पुलिस सुरेश कुमार स्वामी को अपने कार्यालय कक्ष में बुलाकर अपने सामने बेठे हुये एक व्यक्ति से परिवादी श्री आबिद नूर खां के रूप में करवाया। तदुपरान्त परिवादी श्री आबिद नूर खां द्वारा पेश हस्तलिखित प्रार्थना पत्र मन् उपअधीक्षक पुलिस के नाम मार्क करते हुए अग्रीम कार्यवाही हेतु सुपुर्द कर आवश्यक निर्देश दिये गये। मन् उप अधीक्षक पुलिस ने परिवादी को अपने कार्यालय कक्ष में लेकर आया और नाम-पता पूछा तो परिवादी ने अपना नाम पता श्री आबिद नूर खां S/o नन्ने खां आयु 43 वर्ष निवासी ग्राम राजनगर सांखना पुलिस थाना मेहन्दवास जिला टोंक का बताया, तदुपरान्त परिवादी श्री आबिद नूर खां के हस्तलिखित प्रार्थना का विस्तार से अवलोकन किया गया जिसमें परिवादी ने लिखा है कि "सेवा में श्रीमान अति0 पुलिस अधीक्षक महोदय्, ACB JAIPUR विषय:-रिश्वत मांगने पर कार्यवाही करने बाबत् महादेय निवेदन है कि मेरी फर्म Nk Films And Event Company के नाम से रजि0 है। मै अपनी फर्म के माध्यम से Event संबंधित विडियोग्राफी, फोटोग्राफी, कार्यक्रम आयोजन एवं व्यवस्था करने का कार्य करता हूं। मैने मेरी फर्म के मार्फत बनास महोत्सव में कार्यालय नगर परिषद टोंक के आदेश क्रमांक 15703 दि0 21.12.2022 के आदेशानुसार टोडारायसिंह एवं बिसलपुर में 1 दिवस का विडियो एवं फोटोग्राफी का कार्य किया था जिसका बिल 1.90 लाख नगर परिषद टोंक मे बकाया है। उक्त बिल के भूगतान के लिए श्रीमती अनीता खीचड़ आयुक्त नगर परिषद टोंक से मिला तो उन्होने मेरी फर्म द्वारा न0प0 टोंक में बनास महोत्सव टोंक में विडियोग्राफी, स्टेज कार्यक्रम, फोटोग्राफी एवं अन्य कार्य किया गया था। जिसके कुल बिल 9.60 लाख का हुआ था, जिसका GST काटकर मुझे 9.20 लाख मिले, उक्त पूर्व में बिल के भूगतान की एवज में श्रीमती अनीता खीचड़ आयुक्त नगर परिषद टोंक ने मेरे से 1 लाख (एक लाख) रू0 रिश्वत की राशि की मांग की तथा श्रीमती अनीता खीचड़ ने कहा की एक लाख रू0 रिश्वत की राशि दोगे तभी आपके बकाया बिल तैयार कर बिल का भूगतान किया जायेगा। श्रीमती अनीता खीचड़ मेरे नगर परिषद टोंक में कार्यरत परिचित श्री सलीम को बोलकर फोन करने को कहती है और वह मुझे Call करके नगर परिषद टोंक में कमीश्नर मैडम श्रीमती अनीता खीचड़ से मिलने के लिए कहता है। मै आयुक्त मैडम से कई बार मिलकर मेरे पैडिंग बिल का भूगतान करने के लिए निवेदन कर चुका है। परन्तु उसके द्वारा मेरे द्वारा पुर्व में किये गये कार्यो के बिलो के हुए भूगतान की एवज में 1 लाख रू0 रिश्वत की राशि की मांग कर रही है। मै रिश्वत की राशि की मांग कर रही है। मै रिश्वत की राशि नही देना चाहता हूं। मै श्रीमती अनीता खीचड़ को रिश्वत लेते हुए पकड़वाना चाहता हूं। कार्यवाही करने का श्रम करे। SDआबिद, आबिद नूर खां S/o नन्ने खां आयु 43 वर्ष निवासी ग्राम राजनगर सांखना जिला टोंक मो0नं0 8619095539 दि. 10.2.23" मन् उपअधीक्षक पुलिस को परिवादी ने दरियाफ्त पर बताया कि उक्त प्रार्थना पत्र मेरे द्वारा हस्तलिखित है, जिस पर मेरे स्वयं के हस्ताक्षर है। परिवादी ने दरियाफ्त पर बताया कि मेरी श्रीमती अनिता खीचड़, आयुक्त, नगर परिषद टोंक से किसी प्रकार की कोई रजिंश व रूपयो पैसो का लेन-देन नही है। परिवादी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के अवलोकन एवं मजीद दरियाफ्त से मामला प्रथम दृष्टया रिश्वत मांग का पाया जाता है। अतः रिश्वत राशि मांग का गोपनीय सत्यापन करवाया जाना आवश्यक है। सत्यापन से जैसी सूरत होगी वैसी कार्यवाही की जावेगी। कार्यालय में उपस्थित परिवादी श्री आबिद ने बताया कि मै आज ही श्रीमती अनीता खीचड़, आयक्त, जिला परिषद टोंक से उनके कार्यालय में मिलकर मेरे बकाया बिल के भूगतान के सम्बंध में मिलुंगा और वह मेरे से रिश्वत की मांग कर सकती है। इसलिए आज रिश्वत मांग सत्यापन की कार्यवाही हो सकने की संभावना है जिस पर परिवादी श्री आबिद नूर खां को ब्यूरो द्वारा करवाई जाने वाली रिश्वत मांग सत्यापन की कार्यवाही के विषय में अवगत कराते हुये कार्यालय के श्री प्रदीप कुमार कानि0 नं0 245 को अपने कार्यालय कक्ष में बुलाकर परिवादी व कानि0 का आपस में परिचय करवाया गया। तत्पश्चात् कार्यालय के श्री ब्रह्मप्रकाश हैड कानि नं0 99 से कार्यालय के मालखाना से एक विभागीय डिजीटल वॉईस रिकॉर्डर मय एक नया मैमोरी कार्ड Sand disk Ultra 32 GB मंगवाया जाकर परिवादी को वाईस रिकॉर्डर को चालू व बन्द करने की प्रक्रिया समझाई गई। तत्पश्चात् श्री प्रदीप कुमार कानि0 को उक्त वाईस रिकॉर्डर सुपुर्द कर परिवादी के साथ जाकर नियमानुसार रिश्वत मांग सत्यापन कराने की मुनासिब हिदायत दी गई एवं परिवादी के निजी वाहन

से सत्यापन की कार्यवाही हेतु परिवादी के साथ टोंक के लिए रवाना किया गया। समय 9.00 पीएम पर मन् उप अधीक्षक पुलिस के समक्ष श्री प्रदीप कुमार कानि0 नं0 245 उपस्थित होकर वाईस रिकार्डर सुपुर्द कर अवगत कराया कि मै ब्यूरो कार्यालय से परिवादी के साथ रवाना होकर समय करीबन 2.30 पीएम पर नगर परिषद टोंक के कार्यालय के पास पहुंचे, परिवादी ने मुझे बताया कि लंच टाईम मेडम अनिता खीचड़ कार्यालय से बाहर चली जाती है। इस पर तीन बजे के आस-पास ही कार्यालय में जाउंगा। तत्पश्चात् समय करीबन 03.04 पीएम पर परिवादी को रिश्वत मांग सत्यापन के सम्बंध में हिदायत देकर वाईस रिकार्डर चालू कर सुपुर्द कर संदिग्ध से रिश्वत मांग सत्यापन वार्ता करने हेतु रवाना कर उसके पीछे-पीछे कार्यालय नगर परिषद टोंक के पास पहुंचा। परिवादी नगर परिषद के भवन में प्रवेश कर गया। मै अपनी पहचान को गोपनीय रखते हुए कार्यालय के पास ही मुकीम हो गया। कुछ समय बाद परिवादी नगर परिषद के कार्यालय से बाहर आकर पुर्व से निर्धारति स्थान पर मेरे से मिला और वाईस रिकार्डर मुझे सुपुर्द किया, जिसे मैने बंद कर सुरक्षित अपने पास रखा। तत्पश्चात् परिवादी ने मुझे बताया कि ''मै मेडम से मिला तो मैंने उनको मेरी परेशानी के बारे में बताया तो मैडम ने कहा कि किसी अन्य क्यो दो, मेरे साईन मै करूंगी और उन्होंने मेरे द्वारा किये गये विडियोग्राफी व फोटोग्राफी के डॉक्युमेंटेशन की मांग की तथा मेरे द्वारा रिश्वत की राशि कम करने के लिए कहा गया तो उन्होने साफ इन्कार किया और उन्होने बारगेनिंग नही करने के लिए कहा है और मैंने उनको अस्सी हजार रूपये रिश्वती राशि तय करने के लिए कहा तो उन्होंने रिश्वती राशि कम करने से मना कर दिया है तथा उक्त रिश्वती राशि सलीम को देने के लिए कहा है। मेरे द्वारा मंडे को देने की कहा तो उन्होंने मुझे कहा कि तुम्हारी मर्जी हो जब आ जाना'' बताया। परिवादी ने कहा कि मुझे बिजनेस के सिलसिले में काम है, इसलिए आपके साथ मै जयपुर नहीं जा सकता और मुझे जब भी कार्यालय में बुलाओगें तो मै कार्यालय में आ जाउंगा। तत्पश्चात् मै रवाना होकर ब्यूरो कार्यालय आया। मन् उपअधीक्षक पुलिस द्वारा वाईस रिकार्डर को चलाकर सुना गया तो कानि0 द्वारा बताये गये कथनों की ताईद हुई। उक्त रिश्वत मांग सत्यापन वार्ता से श्रीमती अनिता खीचड़ द्वारा परिवादी से रिश्वत मांग करने सम्बंधित तथ्यो की पुष्टि होती है। मन् उप अधीक्षक पुलिस द्वारा विभागीय डिजीटल वाईस रिकार्डर सुरक्षित कार्यालय की आलमारी में तालाबंद किया। दिनांक 14.02.2023 समय 11.30 एएम पर परिवादी श्री आबिद नूर खां मन उप अधीक्षक पुलिस के पास उपस्थित आकर बताया कि मै दिनांक 10.02.2023 को कानि0 श्री प्रदीप कुमार के साथ रिश्वत मांग सत्यापन के लिये जाकर श्रीमती अनिता खीचड़ मैडम से मिला तो मैंने उनसे नमस्ते किया तो उन्होंने नहीं आने का करण पूछा तो मैंने स्वास्थ्य खराब होने का हवाला दिया था। मैंने किसी अन्य का नाम लेकर अप्रत्यक्ष रूप से रूपये लेने के संबंध में परेशान करने का बताया तो उन्होंने कहा कि किसी को क्यो दो, मेरे साईन मै करूंगी और उनके साईन वो करेंगे। उन्होंने मेरे द्वारा किये गये विडियोग्राफी व फोटोग्राफी के डॉक्युमेंटेशन देने के संबंध में कहा तथा मेरे द्वारा रिश्वत की राशि कम करने के लिए कहा गया तो उन्होंने साफ इन्कार किया और उन्होने बारगेनिंग नही करने के लिए कहा है और मैंने उनको अस्सी हजार रूपये रिश्वती राशि करने के लिए कहा तो उन्होंने रिश्वती राशि कम करने से मना किया तथा उक्त रिश्वती राशि सलीम को देने के लिए कहा है। मेरे द्वारा मंडे को देने की कहा तो उन्होंने मुझे कहा कि तुम्हारी मर्जी हो जब आ जाना''। इस प्रकार परिवादी ने दिनांक 10.02.2023 को रिश्वत मांग सत्यापन के बारे में कानि0 के द्वारा बताये गये कथनों व रिकॉर्डेड मांग सत्यापन वार्ता के तथ्यों से पुष्टि होती है। परिवादी ने मन उप अधीक्षक पुलिस को बताया कि मै काम के सिलसिले में बाहर जा रहा हूं। मन उप अधीक्षक पुलिस ने परिवादी को रिश्वत राशि के एक लाख रूपये लेकर आने के बारे में कहा गया तो परिवादी ने टोंक आने पर जरिये फोन वार्ता कर बताने के लिये कहा गया। मन उप अधीक्षक पुलिस द्वारा परिवादी को गोपनीयता बनाये रखने की मुनासिब हिदायत देकर रवाना किया गया। दिनांक 16.02.2023 को समय 7.30 पीएम पर मन अधीक्षक पुलिस को परिवादी श्री आबिद नूर खां ने बताया कि मै आज रात को टोंक पहुंच जाऊंगा। कल दिनांक 17.02.2023 को श्रीमती अनिता खीचड़ को रिश्वती राशि देने के लिये जाऊंगा। मन उप अधीक्षक पुलिस द्वारा परिवादी को रिश्वत की राशि के एक लाख रूपये की व्यवस्था के लिये कहा तो परिवादी ने कहा कि मै सुबह रिश्वती राशि के एक लाख रूपये की व्यवस्था कर लूंगा। तत्पश्चात मन उप अधीक्षक पुलिस द्वारा दिनांक 17.02.2023 को ट्रेप कार्यवाही के आयोजन का निर्णय लिया गया तथा कार्यालय के श्री प्रदीप कुमार को दिनांक 17.02.2023 को सुबह जल्दी ही टोंक जाकर परिवादी से मिलकर श्रीमती अनिता खीचड़ के कार्यालय में आने अथवा नहीं आने के बारे में मालूम कर सूचित करने हेतु मुनासिब हिदायत दी गई। दिनांक 17.02.2023 को की जाने वाले गोपनीय

Sureh

कार्यवाही के संबंध में उच्चाधिकारियों को हालात निवेदन किये गये तथा कार्यालय स्टाफ को एवं पूर्व से पाबन्ध शुदा दोनो स्वतन्त्र गवाहो को भी दिनांक 17.02.2023 को कार्यालय समय पर ब्यूरो कार्यालय में आने की हिदायत की गई। दिनांक 17.02.2023 कार्यालय समय पर समस्त कार्यालय स्टाफ कार्यालय व दोनो स्वतन्त्र गवाहान कार्यालय में उपस्थित हो चुके है, अतः आगे की कार्यवाही प्रारम्भ की जाती है। मन् उप अधीक्षक पुलिस द्वारा वाणिज्य कर विभाग से कार्यालय हाजा में उपस्थित स्वतन्त्र गवाह से नाम पता पूछा तो एक ने अपना नाम श्री विरेन्द्र सिंह पुत्र स्व0 श्री जुगवीर सिंह उम्र 39 साल निवासी प्लाट नं0 39, अरिहन्त वाटिका-सी, हीरापुरा पावर हाउस के पीछे, धावास, अजमेर रोड़, जयपुर हाल अति0 प्रशासनिक अधिकारी, कार्यालय सहायक आयुक्त, वृत्त-ई, वाणिज्य कर विभाग संभाग तृतीय, झालाना संस्थानिक क्षेत्र, जयपुर व दूसरे ने अपना नाम श्री राजकुमार तेवतिया पुत्र श्री सुरेन्द्र सिंह तेवतिया, उम्र 27 साल निवासी ग्राम पिपलहेड़ा पोस्ट तिघरिया, पुलिस थाना हिण्डोन सिटी, जिला करौली हाल कनिष्ठ सहायक, कार्यालय वाणिज्य कर अधिकारी, वृत्त-एन, वाणिज्य कर विभाग संभाग तृतीय, झालाना संस्थानिक क्षेत्र, जयपुर होना बताया। मन उप अधीक्षक पुलिस द्वारा स्वतंत्र गवाहान को गोपनीय कार्यवाही में सम्मिलित होने बाबत सहमति चाही तो दोनों स्वतंत्र गवाहान ने अलग-अलग अपनी सहमति प्रदान की। तत्पश्चात परिवादी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र को दोनों स्वतंत्र गवाहान को पढवाया जाकर हस्ताक्षर करवाये गये। समय 11.25 एएम पर श्री प्रदीप कुमार कानि. ने मन उप अधीक्षक पुलिस को अवगत कराया कि मै ब्यूरो कार्यालय जयपुर से आज सुबह 7 बजे रवाना होकर टोंक पहुंचा जहां पर परिवादी श्री आबिद नूर खां से मिला तथा उसको साथ लेकर नगर परिषद कार्यालय जिला टोंक के पास पहुंचा, जहां पर गोपनीय तरीके से श्रीमती अनिता खीचड़ के नगर परिषद कार्यालय में उपस्थित होने के बारे में मालूमात की तो कार्यालय में ही उपस्थित होने के बारे में पता चला है। तत्पश्चात मन उप अधीक्षक पुलिस द्वारा ट्रेप कार्यवाही में काम आने वाली कांच की शीशीयां, नये गिलास, चम्मच आदि को साबुन व साफ पानी से धुलवाकर साफ करवाये जाकर सुखने के उपरान्त कार्यवाही में साथ ले जाने वाले ट्रेप बॉक्स को अच्छी तरह से साफ करवाया जाकर उसमें उक्त सामान रखवाया गया। ट्रेप पार्टी के समस्त सदस्यों के हाथ साबुन व पानी से अच्छी तरह धुलवाकर साफ करवाये। मन उप अधीक्षक पुलिस द्वारा रिश्वत मांग सत्यापन में काम में लिये गये वॉईस रिकॉर्डर व मैमोरी कार्ड SanDisk Ultra 32 GB एवं एक नया मैमोरी कार्ड SanDisk Ultra 32 GB वास्ते रिश्वत लेन-देन वार्ता में उपयोग में लिये जाने हेतु हमराह लिया। श्री राजेन्द्र हैडकानि0 51 को फिनोफ्थेलीन पाउडर की शीशी व एक साफ कांच का गिलास को उसके प्राईवेट वाहन की डेस्क में रखवाकर मुनासिब हिदायत दी गई। समय 11.45 एएम पर श्री हिमांशु अति. पुलिस अधीक्षक भ्र.नि.ब्यूरो, जयपुर नगर तृतीय, जयपुर के निर्देशन में मन् उप अधीक्षक पुलिस श्री सुरेश कुमार स्वामी, मय श्री राजेन्द्र हैडकानि0 नं0 51 व दोनों स्वतंत्र गवाहान श्री विरेन्द्र सिंह व श्री राजकुमार तेवतिया निजी वाहन, श्री ब्रहमप्रकाश हैडकानि. 99, श्रीमती पिंकी कंवर म0कानि0 11, श्रीमती रजनी म0 कानि0 नं0 127, श्री मनीष कुमार कानि. 315, श्री सुभाष चन्द कानि0 नं0 592, श्री नमोनारायण कानि. 453 जरिये प्राईवेट टैक्सी व सरकारी वाहन नं. आरजे 14 यूडी 1391 चालक श्री रूपेश कानि0 नं0 607 मय लेपटॉप, प्रिन्टर, ट्रेप बॉक्स व अन्य आवश्यक सामग्री के वास्ते करने गोपनीय कार्यवाही भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जयपुर नगर-तृतीय, जयपुर से टोंक की ओर रवाना हुये। समय 1.10 पीएम पर मन् उप अधीक्षक पुलिस श्री सुरेश कुमार स्वामी, मय श्री राजेन्द्र हैडकानि0 नं0 51 व दोनों स्वतंत्र गवाहान श्री विरेन्द्र सिंह व श्री राजकुमार तेवतिया मय समस्त ट्रेप टीम के परिवादी श्री आबिद नूर खान द्वारा बताये गये होटल उतरायण के पास, सोहेला जिला टोंक पहुंचा। जहां पर मन उप अधीक्षक पुलिस को परिवादी व कानि0 श्री प्रदीप कुमार मौजूद मिले। परिवादी व स्वतंत्र गवाहान श्री विरेन्द्र सिंह व श्री राजकुमार तेवतिया का आपस में परिचय करवाया गया। तत्पश्चात अग्रिम कार्यवाही प्रारम्भ की गई। समय 1.15 पीएम पर दोनो स्वतंत्र गवाहान श्री विरेन्द्र सिंह व श्री राजकुमार तेवतिया के समक्ष मन उप अधीक्षक पुलिस ने परिवादी श्री आबिद नूर खां पुत्र स्व0 श्री नन्ने खां उम्र 42 साल निवासी ग्राम राजनगर सांखना, पुलिस थाना मेहन्दवास, जिला टोंक को संदिग्ध श्रीमती अनिता खीचड़, आयुक्त, नगर परिषद टोंक को रिश्वत में दी जाने वाली राशि पेश करने के लिए कहा गया, जिस पर परिवादी श्री आबिद नूर खान ने अपने पास से 500-500 रूपये के 200 नोट प्रचलित भारतीय मुद्रा के कुल राशि 1,00,000/-रूपये निकालकर, गवाहान के समक्ष मन् उप अधीक्षक पुलिस को पेश किये, उक्त नोटों के नम्बरो का विवरण फर्द में अंकित किया गया।

उपरोक्त सभी 500-500 रूपये के प्रचलित भारतीय मुद्रा के नोटों कुल राशि 1,00,000/-रूपये पर फिनोफ्थलीन पाउडर लगवाने हेतु दोनों स्वतन्त्र गवाहन व परिवादी श्री आबिद नूर

Suresh

[redacted]



खां के समक्ष श्री राजेन्द्र कुमार सैनी हैड कानि. नं. 51, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जयपुर नगर तृतीय, जयपुर ने हमराह निजी कार के डेस्क बोर्ड में से फिनोफ्थलीन पाउडर की शीशी निकलवाकर कार की बीच की सीट पर एक अखबार बिछाकर उस पर फिनोफ्थलीन पाउडर डलवाकर नियमानुसार उक्त सभी नोटों पर फिनोफ्थलीन पाउडर लगवाया गया। परिवादी श्री आबिद नूर खां की जामा तलाशी स्वतंत्र गवाहन श्री विरेन्द्र सिंह से लिवाई जाकर उसके पास उसके मोबाईल के सिवाय अन्य कोई वस्तु नहीं रहने दी गई। तत्पश्चात फिनोफ्थलीन पाउडर लगे उक्त नोट सीधे ही श्री राजेन्द्र कुमार सैनी हैड कानि. से परिवादी श्री आबिद नूर खां की पहनी हुई पेन्ट की आगे की तरफ की बांयी जेब में पांच-पांच सौ के सौ नोट कुल पचास हजार रूपये व दांयी जेब में पांच-पांच सौ के सौ नोट कुल पचास हजार रूपये रखवाये तथा परिवादी को हिदायत दी गई कि वह इन नोटों को अनावश्यक रूप से नहीं छुये व संदिग्ध आरोपी द्वारा मांगने पर ही उक्त नोट जेब से निकालकर उसे रिश्वत के रूप में देवें। परिवादी को हिदायत दी गई कि आरोपी द्वारा रिश्वत लेने के पश्चात् अपने सिर पर हाथ फेरकर या अपने मोबाईल फोन से मन् उपअधीक्षक के मोबाईल नम्बर 9414217254 पर मिस कॉल कर मुझे व ट्रेप पार्टी को निर्धारित ईशारा करें एवं रिश्वत राशि को कहां रखता है यह भी ध्यान रखें। साथ ही स्वतन्त्र गवाहान को हिदायत दी गई कि वे यथा सम्भव परिवादी के आस-पास रहकर रिश्वत के लेन-देन को देखने व दोनों के मध्य होने वाली वार्ता को सुनने का प्रयास करें। इसके बाद स्वतंत्र गवाहान व परिवादी को फिनोल्पथलीन पाउडर व सोडियम कार्बोनेट की आपसी रासायनिक प्रक्रिया के बारे में विस्तार से दृष्टान्त देकर समझाने के लिए नये कांच के एक गिलास में साफ पानी मंगवाकर उसमें सोडियम कार्बोनेट पाउडर का घोल तैयार करवाकर उपस्थितगणों को दिखाया गया तो घोल का रंग रंगहीन रहा, उसके बाद श्री राजेन्द्र कुमार सैनी हैड कानि. जिसने नोटों पर फिनोफ्थलीन पाउडर लगाया था के हाथों की अंगुलियों को उक्त सोडियम कार्बोनेट पाउडर के घोल में डुबोकर धुलवाया गया तो धोवन का रंग गुलाबी हो गया, जिसके बारे में उपस्थित गवाहान व परिवादी को समझाया गया कि जो भी इन पाउडर लगे नोटों को हाथ लगायेगा या छुयेंगा तो उसके हाथ इस प्रक्रिया के अनुसार धुलवाने से पानी का रंग गुलाबी हो जावेगा। तत्पश्चात उस अखबार को जिस पर रखकर नोटों पर फिनोलपथलीन पाउडर लगवाया था, को जलवाकर नष्ट करवाया गया। श्री राजेन्द्र कुमार सैनी हैड कानि. से गुलाबी घोल को कार से बाहर फिकवाकर फिनोल्पथलीन पाउडर की शीशी को वापस कार के डेस्क बोर्ड में रखवाकर श्री राजेन्द्र कुमार सैनी हैड कानि. के हाथों को तथा गिलास को साबुन व पानी से अच्छी तरह साफ करवाया जाकर गिलास को भी कार की डेस्क बोर्ड में रखवाया। ट्रेप पार्टी के सदस्यों व गवाहान की एक दूसरे से तलाशी लिवाये जाने पर किसी के पास कोई आपत्तिजनक वस्तु या दस्तावेज आदि नहीं छोडे गये। ट्रेप पार्टी के समस्त सदस्यों के हाथ साबुन व पानी से अच्छी तरह धुलवाकर साफ करवाये गये। रिश्वत राशि लेन-देन के समय संदिग्ध से होने वाली बातचीत को रिकार्ड करने हेतु परिवादी को डिजीटल वाईस रिकार्डर को चालू व बन्द करने (ऑपरेट करने) की विधि समझाई गई व रिश्वत लेनदेन के वक्त आरोपी से आपस में होने वाली वार्ता को डिजिटल वाईस रिकॉर्डर में रिकॉर्ड करके पेश करने के निर्देश दिये गये। उक्त डिजीटल वाईस रिकॉर्डर में एक नया मैमोरी डालकर श्री प्रदीप कानि. नं0 245 को सुपूर्द कर हिदायत की गई कि परिवादी जब संदिग्ध आरोपी के पास जाये उससे पूर्व वाईस रिकार्डर को चालू करके परिवादी को सुपुर्द करें। संदिग्ध को दी जानी वाली रिश्वती राशि के नोटो पर फिनोफ्थलीन पाउडर लगाने वाले श्री राजेन्द्र कुमार हैड कानि. मय फिनोफ्थलीन पाउडर व दृष्टांत हेतु काम में लिए गये गलास के उनके निजी वाहन के ब्यूरो मुख्यालय जयपुर रवाना किया गया। उपरोक्त समस्त कार्यवाही की फर्द हस्ब कायदा मुर्तिब की जाकर संबंधितो के हस्ताक्षर करवाये गये।समय 2.35 पीएम पर मन् उप अधीक्षक पुलिस सुरेश कुमार स्वामी मय स्वतंत्र गवाहान, मय समस्त ट्रेप टीम जरिये सरकारी वाहन, प्राईवेट टैक्सी के कार्यालय नगर परिषद टोंक के लिए रवाना हुये साथ ही श्री प्रदीप कुमार कानि0 को परिवादी श्री आबिद नूर खान के साथ उसके निजी वाहन से कार्यालय नगर परिषद टोंक के लिये रवाना किया गया। दर्ज रहे कि कार्यालय नगर परिषद, टोंक के पास पहुंचकर परिवादी श्री आबिद नूर खां को वक्त करीब 3.02 पीएम पर श्री प्रदीप कुमार कानि. 245 द्वारा परिवादी की कार में विभागीय डिजीटल वाईस रिकार्डर को चालू कर परिवादी को सुपुर्द किया जाकर पैदल ही परिवादी को रिश्वती राशि देने हेतु संदिग्ध के कार्यालय नगर परिषद, टोंक में रवाना किया गया था, जो कुछ समय पश्चात नगर परिषद कार्यालय के अन्दर चला गया। मन् सुरेश कुमार स्वामी, उप अधीक्षक पुलिस, टीएलओ मय ट्रेप टीम व दोनो स्वतन्त्र गवाहान के कार्यालय नगर परिषद, टोंक के आस-पास अपनी पहचान छुपाते हुये ट्रेप जाल बिछाकर परिवादी के ईशारे के इन्तजार में

Suresh

मुकिम हुये। समय करीब 3.37 पीएम पर परिवादी एक अन्य व्यक्ति के साथ नगर परिषद कार्यालय से बाहर निकलकर अपनी कार में बैठकर घण्टाघर से कलेक्ट्रेट, टोंक की ओर रवाना हुआ। जिस पर मन् टीएलओ मय ट्रेप टीम व दोनो स्वतन्त्र गवाहान को सरकारी जीप व प्राईवेट वाहन से परिवादी की कार के पिछे-पिछे रवाना हुआ। समय करीब 3.48 पीएम पर परिवादी अपनी कार को हायर सैकण्डरी चौराहा, सरस डेयरी के नजदीक रोक दी। मन् टीएलओ मय टीम अपनी पहचान छुपाते हुये सरस डेयरी के पास मुकिम हुये। परिवादी व उसके साथ आया अन्य व्यक्ति कार से नीचे उतरकर सरस डेयरी के पास रखी बेंच पर बैठ गये। कुछ समय पश्चात उनके पास मोटरसाईकिल पर एक व्यक्ति आया और उनके पास बैच पर बैठ गया। करीब 10-12 मिनट पश्चात परिवादी अपनी कार में अकेला ही बैठ कर कार को डिपो रोड़ की तरफ ले गया और उसकी कार के पिछे पिछे ही उनके पास आया व्यक्ति अपनी मोटरसाईकिल को लेकर रवाना हुआ तथा करीब 150-200 मीटर की चलने पर मोटरवाईकिल पर आये व्यक्ति ने परिवादी की कार को रूकवाया। मोटरसाईकिल से उतर कर परिवादी की कार में ड्राईवर सीट पर बैठ गया। थोड़ी देर पश्चात माटरसाईकिल चालक कार से बाहर निकलकर अपनी मोटरसाईकिल से पुनः हायर सेकण्डरी चोराहा, सरस डेयरी की ओर रवाना हुआ। उपरोक्त ट्रेप कार्यवाही के दौरान परिवादी द्वारा श्री प्रदीप कानि. से जरिये मोबाईल सम्पर्क में रहकर समय-समय पर वस्तु स्थिति एवं लेन-देन के संबंध में अवगत कराया जाता रहा। समय करीब 4.10 पीएम पर परिवादी ने मन् टीएलओ व जाप्ता को निर्धारित ईशारा किया। जिस पर मन् टीएलओ व आस पास खड़े ट्रेप टीम व स्वतंत्र गवाहान को साथ लेते हुए मोटरसाईकिल चालक को रूकवाकर नाम पूछा तो उसने अपना नाम ओमदेव बताया तथा रूपयों के बारे में पूछा तो रूपये अपनी पहनी शर्ट की बांई जेब में होना बताया जिसपर सरसरी तौर पर जेब के उपर हाथ लगाकर देखा तो उक्त व्यक्ति की शर्ट की उपर की जेब में रूपये रखे होना जाहिर हुआ। तत्पश्चात मन् टीएलओ द्वारा पास में अपनी कार में बैठे हुये परिवादी आबिद नूर खां से डिजिटल वाईस रिकॉर्डर प्राप्त कर बन्द कर सुरक्षित अपने पास रखा गया। संदिग्ध ओमदेव को डिटेन कर विभागीय परिचय देकर हमराह कार में बैठाया जाकर तस्सली देकर पूछा तो उसने बताया कि ये रूपये मैने सलीम जी के कहने पर आबिद नूर खां से लिये है। मुझको पता नही कि ये रूपये किस काम के लिए है तथा मेरे को क्यों दिलवाये है। तत्पश्चात समय करीब 4.18 पीएम पर ओमदेव के बताये अनुसार सरस डेयरी के पास बैठे एक व्यक्ति को डिटेन कर नाम पूछा तो उसने अपना नाम मोहम्मद सलीम बताया जिसको विभागीय परिचय देकर सरकारी वाहन में बैठाकर कार्यालय नगर परिषद, टोंक के लिए रवाना हुये। समय करीब 4.30 पीएम पर मन् टीएलओ मय दोनो संदिग्ध व्यक्ति ओमदेव व मोहम्मद सलीम व ट्रेप टीम के सरकारी व प्राईवेट वाहन से कार्यालय नगर परिषद, टोंक पहुंचे। कार्यालय, नगर परिषद, टोंक में पहुंचे तो आयुक्त के कार्यालय कक्ष के बाहर नेम प्लेट पर आयुक्त अनिता खीचड़ लिखा हुआ है जिसके गेट को खोलकर मन् टीएलओ मय टीम व दोनो संदिग्ध व्यक्तियों को लेकर कक्ष के अन्दर प्रवेश किया तो मैन सीट पर एक महिला बैठी हुई मिली जिसको महिला गरीमा को ध्यान में रखते हुये हमराह महिला कानि. श्रीमती पिंकी कंवर व श्रीमती रजनी मीणा की उपस्थित में अपना व ब्यूरो टीम का विभागीय परिचय देकर नाम पूछा तो उस महिला ने अपना नाम अनिता खीचड़, आयुक्त, नगर परिषद, टोंक बताया। तत्पश्चात दोनो संदिग्ध व्यक्तियों से उक्त महिला को रूबरू करवाते हुये रिश्वत के एक लाख रूपयों के बारे में पूछा तो उक्त महिला श्रीमती अनिता खीचड़ ने रूपये स्वयं के लिए लेने से साफ इन्कार किया। हमराह श्री मोहम्मद सलीम को नाम-पता पूछा तो उसने अपना नाम मोहम्मद सलीम पुत्र श्री मौहम्मद ईशाक जाति मुसलमान बिस्ती उम्र 59 साल निवासी मकान नं0 21 सिविल लाईन नई कोलोनी, गड्डा पहाड़िया पुलिस थाना कोतवाली जिला टोंक हाल कनिष्ठ लिपिक नगर परिषद जिला टोंक बताया, संदिग्ध श्री मोहम्मद सलीम के मोबाईल फोन विवो कम्पनी, पासवर्ड 9633, रंग ब्लेक व मेहरून, आईएमईआई नं. 860183048173838, मो.नं. 9462143391, जीओ कम्पनी की सिम है, को कब्जा एसीबी लिया गया। दुसरे संदिग्ध व्यक्ति से नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम ओमदेव नागर पुत्र श्री श्री मदनलाल नागर जाति धाकड़ उम्र 37 साल निवासी ग्राम विजयनगर पोस्ट रानीपुरा तहसील नगर फोर्ट जिला टोंक हाल सफाई कर्मचारी, नगर परिषद टोंक बताया जिसके मोबाईल फोन, ओपो कम्पनी, रंग सिल्वर, आईएमईआई नं. 868896055556239, पासवर्ड 258666 है, जिसके अन्दर मो.नं. 9828525990, एयरटेल कम्पनी की सिम है, को कब्जा एसीबी लिया गया। तत्पश्चात श्रीमती अनिता खीचड़ से नाम-पता पूछा तो उसने अपना नाम अनिता खीचड़ पत्नि श्री देवेन्द्र सिंह पूनिया जाति जाट उम्र 40 साल, निवासी मोहता धर्मशाला के पीछे, राजगढ पुलिस थाना राजगढ जिला चुरू हाल आयुक्त नगर परिषद जिला टोंक

बताया जिसके मोबाईल एप्पल आईफोन, रंग सफेद जिस पर परपल कलर का प्लास्टिक कवर लगा हुआ है, अनलॉक पासवर्ड 2511, मोबाईल नं. 9982047288 है तथा जीओ कम्पनी की सिम है, उक्त सभी मोबाईलों को अनुसंधान के प्रायोजनार्थ फ्लाइट मोड पर करवाकर कब्जा एसीबी लिया गया। कार्यालय में उपस्थित श्रीमती अनिता खीचड़ से परिवादी के पैण्डिग कार्य की पत्रावलीयों के बारे में पूछा गया तो श्रीमती अनिता खीचड़ ने परिवादी के पैण्डिग कार्य से संबंधित उक्त पत्रावलियां मोहम्मद सलीम, कनिष्ठ लिपिक के पास होना बताया जिस पर श्री मोहम्मद सलीम को साथ लेकर उसके कार्यालय से परिवादी के कार्य से संबंधित तीन मूल पत्रावलीयां व परिवादी द्वारा दिनांक 17.02.2023 को संदिग्ध मोहम्मद सलीम, कनिष्ठ लिपिक को दी गई एक हार्डडिस्क, 1 टीबी प्राप्त की गई। उपरोक्त तीनों पत्रावलीयों को व हार्डडिस्क को बतौर वजह सबूत कब्जा एसीबी लिया गया। जिनकी पृथक से फर्द जब्ती अभिलेख तैयार कर शामिल पत्रावली की गई। चूंकि उक्त स्थान काफी संवेदनशील व भीड़-भाड़ वाला है तथा यहां पर सम्पूर्ण कार्यवाही किया जाना सुरक्षा की दृष्टी से उचित प्रतित नही होने पर श्रीमती अनिता खीचड़, दोनो संदिग्ध व्यक्तियों श्री मोहम्मद सलीम, ओमदेव नागर मय स्वतन्त्र गवाहान व ट्रेप टीम को हमराह लेकर समय 4.40 पीएम पर सरकारी व प्राईवेट वाहनो से कार्यालय नगर परिषद, टोंक से पुलिस थाना, सदर टोंक के लिए रवाना हुये। समय करीब 4.50 पीएम पर मन् टीएलओ मय हमराहीयान के पुलिस थाना सदर, टोंक पहुंचकर आगे की कार्यवाही प्रारम्भ की गई। परिवादी श्री आबिद नूर खां ने बताया कि रिश्वत की राशि मेरे से सीधे ओमदेव ने ही प्राप्त की थी अतः संदिग्ध आरोपिया श्रीमती अनिता खीचड़ एवं श्री मोहम्मद सलीम के हाथो के धोवन की आवश्यकता नही होने पर शेष संदिग्ध श्री ओमदेव नागर के दोनो हाथों के धोवन लेने के लिए ट्रेप बॉक्स से दो नये साफ कांच के गिलास निकलवाकर, जग में साफ पानी मंगवाकर ट्रेप बॉक्स में रखे सोडियम कार्बोनेट पाउडर की शीशी निकालकर कांच के गिलासो में एक-एक चम्मच सोडियम कार्बोनेट पाउडर डालकर घोल तैयार करवाया गया। तैयारशुदा घोल को स्वतंत्र गवाहान व समस्त हाजरिन को दिखाया गया तो सभी ने घोल के रंग के रंगहीन होना स्वीकार किया। तत्पश्चात् कांच के गिलास के तैयारशुदा घोल में श्री ओमदेव नागर के दाहिने हाथ की अंगुलियां व अंगूठे को डुबोकर धुलवाया गया तो धोवन का रंग झांईनुमा हो गया जिसे समस्त हाजरिन व स्वतंत्र गवाहान को दिखाया गया तो सभी ने घोल के रंग को झांईनुमा होना स्वीकार किया। जिसे दो साफ कांच की शीशीयों में आधा-आधा डालकर सिल चिट मोहर मार्क R-1 व R-2 अंकित कर संबंधित के हस्ताक्षर करवाकर कब्जा ए0सी0बी0 लिया गया। तत्पश्चात् इसी प्रक्रियानुसार दुसरे तैयार शुदा कांच के घोल में श्री ओमदेव नागर के बांये हाथ की अंगूलियां व अंगूठे को डुबोकर धुलवाया गया तो धोवन का रंग झांईनुमा हो गया। जिसे समस्त हाजरिन को दिखाया गया तो सभी ने धोवन के रंग को झांईनुमा होना स्वीकार किया। जिसे दो कांच की साफ शिशियो में आधा-आधा डालकर सिल चिट मोहर कर मार्क L-1 व L-2 अंकित कर संबंधित के हस्ताक्षर करवाकर कब्जा एसीबी लिया गया। तत्पश्चात् संदिग्ध श्री ओमदेव नागर की शर्ट की जेब में रखे रिश्वत के रूपयों को बाहर निकलवाया तो उक्त नोट एक अखबार में लिपटे हुये मिले जिनको देखा गया तो अखबार में पांच-पांच सौ रूपयों की दो गड्डिया मिली जिनको सरसरी तौर पर स्वतन्त्र गवाहान से गिनवाया गया तो कुल एक लाख रूपये हुये। संदिग्ध श्री ओमदेव नागर की शर्ट की जेब व अखबार का धोवन लिया जाना आवश्यक होने पर संदिग्ध ओमदेव नागर के लिए दुसरी शर्ट मंगवाई गई तथा पहनी हुई शर्ट को खुलवाकर उसके उपर की जेब का धोवन लेने की प्रकिया शुरू की गई जिस हेतु ट्रेप बॉक्स मे से दो साफ कांच के गिलास निकलवाकर, जग में साफ पानी मंगवाकर ट्रेप बॉक्स में रखे सोडियम कार्बोनेट पाउडर की शीशी निकालकर कांच के गिलासो में एक-एक चम्मच सोडियम कार्बोनेट पाउडर डालकर घोल तैयार करवाया गया। तैयारशुदा घोल को स्वतंत्र गवाहान व समस्त हाजरिन को दिखाया गया तो सभी ने घोल के रंग के रंगहीन होना स्वीकार किया।

तत्पश्चात संदिग्ध श्री ओमदेव की शर्ट की उपर की जेब का धोवन लेने के लिए शर्ट के जेब को उल्ट कर तैयार शुदा घोल में डुबोया गया तो घोल का रंग हल्का गुलाबी हो गया जिसको हाजरीन को दिखाया गया तो सभी ने घोल का रंग गुलाबी होना स्वीकार किया। जिसे दो कांच की साफ शिशियो में आधा-आधा डालकर सील चिट मोहर कर मार्क S-1 व S-2 अंकित कर संबंधित के हस्ताक्षर करवाकर कब्जा एसीबी लिया गया। शर्ट के जेब को सुखाकर संबंधितों के हस्ताक्षर करवाये जाकर शर्ट को एक सफेद कपड़े की थेली में रखकर शील्ड मोहर कर मार्क S अंकित कर संबधितों के हस्ताक्षर करवाये गये। तत्पश्चात अखबार जिसमें रिश्वत राशि को लपेटा हुआ था का धोवन लेने के लिए एक कपड़े की चिन्दी से उपरोक्त अखबार पर रगड़कर उपरोक्त दुसरे कांच के गिलास के

तैयारशुदा घोल में चिंदी को डुबोकर धुलवाया गया तो पानी का रंग गुलाबी हो गया जिसे दो साफ शिशियों में आधा-आधा डालकर सील चिट मोहर कर मार्क C-1 व C-2 अंकित कर संबंधितों के हस्ताक्षर करवाकर कब्जा एसीबी लिया गया। कपडे की चिन्दी को सुखाकर संबंधितों के हस्ताक्षर करवाये जाकर एक सफेद कपडे की थैली में रखकर शील्ड मोहर कर मार्क NC अंकित कर संबंधितों के हस्ताक्षर करवाये गये। अखबार का निरीक्षण किया गया तो अखबार पर दैनिक भास्कर, राजस्थान, जयपुर, शुक्रवार 17 फरवरी 2023 पेज सं. 01, 02, 07 एवं 08 लिखा हुआ है, उक्त अखबार को सुखाकर, संबंधितों के हस्ताक्षर करवाकर, एक सफेद कपडे की थैली में रखकर शील्ड मोहर कर मार्क N अंकित किया जाकर संबंधितों के हस्ताक्षर करवाये जाकर कब्जा एसीबी लिया गया।

